दैनिक न्याय साक्षी



संपादकीय

# अन्न की बर्बादी

किसानों के खून-पसीने से उगाये और करदाताओं की मेहनत की कमाई से खरीदे गए अनाज के बड़ी मात्रा में उचित भंडारण के अभाव में बर्बाद होने की खबरें हर साल आती हैं। इसके बावजूद बारिश में भीगने तथा पक्षियों व अन्य जीवों द्वारा अनाज के ढेरों की बर्बादी की खबरें हर साल अखबारों की सुर्खियां बनती रहती हैं। लेकिन प्रबंधन से जुड़ा तंत्र व निगरानी करने वाला प्रशासन इस मुद्दे पर संवेदनहीन बना रहता है। इसी तरह की आपराधिक लापरवाही की नवीनतम घटना करनाल में नजर आई जहां खुले में पड़े अनाज से भरी बोरियों के ढेर बारिश में खराब होते देखे गये। जाहिर है यह अनाज सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित होना होगा। बहुत संभव है कि अनाज की बर्बादी की जवाबदेही से बचने के लिये खराब अनाज भी गुपचुप तरीके से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिये भेजी जाने वाली अनाज की खेप में खपा दिया जाये। यह विडंबना ही है कि गुणवत्ता से भरपूर अनाज उत्पादन के लिये अग्रणी पंजाब और हरियाणा में ऐसे तमाम मामले प्रकाश में आ रहे हैं। जबकि जवाबदेही तय करके और रखरखाव की उचित व्यवस्था करके इस मौसमी परिवर्तन से होने वाले नुकसान को टाला भी जा सकता है। यह विडंबना ही है कि कई राज्य खाद्यान्न संकट से जूझ रहे हैं और वहीं दूसरी ओर हजारों टन अनाज बारिश व धूप में पड़ा हुआ सड़ता रहता है। इन राज्यों में गुणवत्ता निरीक्षण के दौरान कई ऐसे मामले प्रकाश में आते रहे हैं। निस्संदेह, यह आपराधिक लापरवाही से होने वाली राष्ट्रीय क्षति भी है। इस अनाज को उगाने में कृषक के श्रम के अलावा बिजली-पानी व भूमि की उर्वरता की लागत भी शामिल होती है। अनाज के बर्बाद होने ये घटक भी व्यर्थ चले जाते हैं जो सही मायनों में राष्ट्रीय संसाधनों की क्षति ही है, जिसे भंडारण की क्षमता के विस्तार और जवाबदेही तय करके टाला भी जा सकता है। यह विडंबना ही है कि आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा देश अब तक अपने नागरिकों के खाद्यान्न का उचित भंडारण नहीं कर पाया है। दशकों से मंत्री व अधिकारी लंबे-चौड़े दावे करते आये हैं कि अनाज भंडारण की फुलप्रूफ व्यवस्था की जायेगी। देश में पर्याप्त गोदामों के अभाव में बेशकीमती अन्न की यूं ही बर्बादी होती रहे, यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है। इस बाबत देश की शीर्ष अदालत भी कई बार सख्त टिप्पणी कर चुकी है। प्रबंधन से जुड़ी नियामक संस्थाओं को फटकार लगा चुकी है कि यदि गोदामों में जगह नहीं है और कीमती अनाज को सड़ने व बर्बाद होने से नहीं बचाया जा सकता तो इस अनाज को गरीबों में बांट दीजिए। लेकिन अधिकारी हैं कि फटकार सुनकर भी चिकने घड़े बने हुए हैं। जिस देश में कुपोषण व भुखमरी के आंकड़े पड़ोस के गरीब मुल्कों से अधिक हों, वहां लाखों टन अनाज यूं ही जाया चला जाये, इससे ज्यादा दुखद स्थिति कुछ और नहीं हो सकती। जटिल परिस्थितियों के बीच लाखों बोरी अनाज को बारिश में भीगने देना, चूहों, पक्षियों तथा कीड़ों द्वारा अखाद्य बनाना देश के नीति-नियंताओं पर सवालिया निशान लगाता है। यह विडंबना ही है कि जो देश आजादी से पहले सदियों तक अकाल व सूखे की वजह से खाद्यान्न संकट से जूझता रहा हो, वहां अन्न की शर्मनाक तरीके से बर्बादी जारी है। आजादी के बाद भी ऐसे संकट आये कि हमें आयातित गेहूं के लिये अमेरिका का मुंह ताकना पड़ा था। हरित क्रांति ने देश को खाद्यान्न में आत्मनिर्भरता प्रदान की। लेकिन हमें इस उपलब्धि को यूं ही नहीं गंवाना चाहिए। हमें इस अनाज को भुखमरी व कुपोषण के खिलाफ सशक्त हथियार बनाना चाहिए। गत वर्ष मई में जब गेहूं की खरीद एक सार्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी तो केंद्र सरकार ने जुलाई के अंत तक दो प्रमुख खाद्यान्न उत्पादक राज्यों पंजाब व हरियाणा में सौ फीसदी वैज्ञानिक भंडारण का आश्वासन दिया था, लेकिन करनाल का मामला बताता है कि दावे हकीकत नहीं बने हैं। इस मामले में उच्चतम स्तर पर दोषियों की जवाबदेही तय करते हुए सख्त कार्रवाई की जाए।

## आरबीआई ने वर्तमान परिस्थितियों में उदारवादी रुख जारी रखा : उद्योग जगत



**नईदिल्ली।** रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दरों के यथावत बनाए रखने का उद्योग जगत ने स्वागत करते हुए आज कहा कि उसने वर्तमान परिस्थितियों में उदारवादी रुख को जारी रखा है। वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ फिक्की के अध्यक्ष संजीव मेहता ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि वर्तमान परिस्थितियों के बीच रिजर्व बैंक ने जीवन और आजीविका को ध्यान में रखते हुए एक उदारवादी रुख जारी रखा है। आरबीआई ने सामान्य स्थिति में तरलता प्रबंधन के लिए प्रगतिशील रिकवरी की दिशा में कदम उठाए हैं।

वाणिज्य एवं उद्योग संगठन एसोचैम के महासचिव दीपक सूद ने कहा कि आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने कोविड-19 महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बीच बड़ी मैक्रो तस्वीर का सही आकलन किया है। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए आरबीआई के 7.8 प्रतिशत का विकास अनुमान रूढ़िवादी है, यह और अधिक हो सकते हैं। उन्होंने आरबीआई को उसकी तरलता प्रबंधन प्रणाली के लिए बधाई देते हुए कहा कि अर्थव्यवस्था में मूल्य निर्धारण के दबाव को कम करने के लिए आरबीआई ब्याज दरों में वृद्धि के अलावा विभिन्न साधनों के लिए कोशिश कर रहा है।

रियल एस्टेट क्षेत्र को सलाह देने वाली कंपनी नाइट फ्रैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा कि इस महत्वपूर्ण मोड़ पर जब अर्थव्यवस्था महामारी की तीसरी लहर के कारण उत्पन्न अस्थिरता से उबर रही है, नीतिगत ब्याज दर को अपरिवर्तित रखने का आरबीआई का निर्णय एक स्वागत योग्य कदम है। अर्थव्यवस्था में अभी भी विकास संबंधी चिंताएं बनी हुई हैं और आरबीआई का उदार मौद्रिक नीति रुख विकास का समर्थन करेगा। रियल एस्टेट क्षेत्र में तेजी का रुख है और कम ब्याज दरों से इस क्षेत्र के सामर्थ्य में सुधार और विकास की गति को बनाए रखने में मदद मिलेगी।

पोद्दार हाउसिंग एंड डेवलपमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रोहित पोद्दार ने कहा कि रिजर्व बैंक का रेपो दर को चार प्रतिशत पर यथावत रखने का निर्णय आर्थिक सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सरकार ने आर्थिक सुधार के पीछे प्रेरक शक्ति होने की स्पष्ट आवश्यकता को मान्यता दी है और तभी निजी क्षेत्र विकास के लिए पूंजी आवंटित करके इस रिकवरी में योगदान दे पाएगा। यह तथ्य कि समग्र आर्थिक गतिविधि स्थिर मुद्रास्फीति की दिशा में आगे बढ़ रही है, उत्साहजनक है और यह दर्शाता है कि देश की अर्थव्यवस्था पटरी पर लौट रही है।

## एमएसएमई इकाइयों के बिलों की एक्सचेंज आधारित डिस्काउंट सुविधा की सीमा तीन करोड़ रुपये



**नईदिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने सूक्ष्म लघु और मझोले उद्यम (एमएसएमई) इकाइयों के कारोबार में नकदी का प्रावह बढ़ाने के उद्देश्य से एक राष्ट्रीय स्वचालित समाशोधन गृह (एनएसीएच) में व्यापार के बकायों के डिस्काउंटिंग प्रणाली के जरिए भुगतान के निपटान (टीआरईडीएस) की सीमा तीन करोड़ रुपये कर दी है।

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने मौद्रिक नीति की द्वैमासिक समीक्षा के बाद गुरुवार को मुंबई में कहा कि संबंधित पक्षों ने एमएसएमई क्षेत्र में तरलता बढ़ाने के लिए इसका अनुरोध किया था। उन्होंने कहा कि इस संबंध में एनएसीएच में टीआरईडीएस के लिए निपाटन की सीमा एक करोड़ रुपये से बढ़ाकर तीन करोड़ रुपये किए जाने का प्रस्ताव है।

टीआरईडीएस बकाया बिलों की खरीद-बिक्री की एक आनलाइन सुविधा है। इसमें इकाइयों को कारोबार में दूसरे पक्ष पर बकाया बिलों को उपयुक्त ब्याज दरों को तीसरे पक्षों को हस्तांतरित करके धन मिल जाता है। इसके लिए उन्हें गिरवी नहीं रखनी होती है।

## जीरो पर निपटे विराट कोहली, वीरेंद्र सहवाग का अनचाहा रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली ।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीसरा और अंतिम वनडे इंटरनेशनल मैच आज अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया की शुरुआत खराब रही और मेजबान टीम ने 16 रन के स्कोर पर ही अपने दो विकेट गंवा दिए। इसमें कप्तान रोहित शर्मा और पूर्व कप्तान विराट कोहली के विकेट शामिल हैं। रोहित 13 और विराट खाता खोले बिना पवेलियन लौट गए। दोनों को तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ ने मैच के चौथे ओवर में अपना शिकार बनाया। कोहली ने वेस्टइंडीज के खिलाफ इस वनडे सीरीज में अब तक केवल 26 ही बनाए हैं। विराट वनडे में 15वीं बार खाता खोले बिना आउट हुए हैं। वनडे में सबसे ज्यादा बार जीरो पर आउट होने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में कोहली अब चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। टीम इंडिया के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर भारतीयों में ऐसे बल्लेबाज हैं, जो वनडे में सबसे ज्यादा 20 बार जीरो पर आउट हुए हैं।

## विजय केडिया, आशीष कचोलिया के पोर्टफोलियो का स्टॉक 52-सप्ताह के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** विजय केडिया और आशीष कचोलिया पोर्टफोलियो: मई 2021 में अपने उच्चतम स्तर पर पहुंचने के बाद से इस कंपनी का स्टॉक लगातार गिर रहा है। हर एक उछाल को ट्रेडर्स और निवेशक अपनी होल्डिंग को बेचने के अवसर के रूप में देख रहे हैं। हम जिस स्टॉक की बात कर रहे हैं, उसका नाम वैभव ग्लोबल है और यह अब अपने 52-सप्ताह के निचले स्तर 437.55 रुपए के करीब आ गया है। वैभव ग्लोबल शेयर की कीमत 447 रुपए है, जो एनएसई पर अपने इंट्राडे लो 445.60 रुपए के करीब है।

### अभी और नीचे जा सकता है

शेयर बाजार के जानकारों के मुताबिक चार्ट पैटर्न पर कमजोरी अभी भी नजर आने के कारण शेयर में गिरावट जारी रह सकती है। रियायती मूल्य पर क्वालिटी वाले स्टॉक की तलाश में कर रहे निवेशकों को कुछ और समय तक इंतजार करना चाहिए क्योंकि अगर यह 430 रुपए के स्तर के अपने मौजूदा समर्थन से नीचे चला जाता है तो स्टॉक 380 रुपए के स्तर तक जा सकता है।

### 480 से 500 रुपए के स्तर पर प्रतिरोध

इस पर बोलते हुए च्वाइस ब्रोकिंग के कार्यकारी निदेशक सुमीत बगडिय़ा का कहना है, वैभव ग्लोबल की शेयर मूल्य संरचना अभी भी चार्ट पैटर्न पर कमजोर दिख रही है। अगर यह अपने ?430 के समर्थन को तोड़ता है तो यह 400 रुपए के स्तर से नीचे जा सकता है। ऊपरी तरफ, स्टॉक को 480 से 500 रुपए के स्तर पर प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा है। जो लोग रियायती मूल्य पर उपलब्ध गुणवत्ता वाले स्टॉक की तलाश कर रहे हैं, उन्हें कुछ और ट्रेडिंग सेशन की प्रतीक्षा करनी चाहिए जब तक कि तस्वीर स्पष्ट न हो जाए और स्टॉक में अस्थिरता स्थिर न हो जाए।

## अडानी ने अंबानी से फिर छीना एशिया के सबसे बड़े अमीर का ताज



**नई दिल्ली।** अभी एक दिन पहले ही रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन मुकेश अंबानी एशिया के सबसे बड़े अमीर होने का गौरव दोबारा हासिल की थी, लेकिन एक बार फिर उन्हें अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी ने पछाड़ दिया है। अब वह भारत ही नहीं बल्कि एशिया के सबसे बड़े अरबपति हैं। अंबानी-अडानी में भारत के नंबर-1 अरबपति की रेस पिछले हफ्ते से जारी है। इनसे सबके बीच अमेरिकी शेयर बाजारों में गुरुवार को हुई गिरावट की वजह से टॉप-10 अरबपतियों में से अडानी की छोड़ सबकी संपत्ति में गिरावट दर्ज की गई। दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में बुधवार को कुछ दिन पहले एशिया और भारत के सबसे बड़े अरबपति मुकेश अंबानी को पछाडऩे वाले अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी को अंबानी ने पीछे छोड़ दिया था। फोर्ब्स रियल टाइम बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक गुरुवार को अडानी की संपत्ति में 2.1 अरब डॉलर का इजाफा हुआ और वह एक बार फिर से एशिया के सबसे बड़े अरबपति बन गए।

दुनिया के टॉप 10 अमीरों की लिस्ट में अब अडानी फिर से 91.2 अरब डॉल के नेटवर्थ के साथ 10वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं, मुकेश अंबानी 91.0 अरब डॉलर के साथ 11वें स्थान पर हैं। बता दें 3 फरवरी को मार्क जुकरबर्ग के नेट वर्थ में 29 अरब डॉलर की सेंध लगी थी।

## महिला जूनियर हॉकी विश्व कप में 16 टीमें लेंगी भाग



**लुसाने (स्विट्जरलैंड),।** दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में एक से 12 अप्रैल तक खेले जाने वाले आगामी महिला जूनियर हॉकी विश्व कप में 16 टीमें भाग लेंगी। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की।

एफआईएच की ओर से भारत को जर्मनी, मलेशिया और वेल्स के साथ पूल डी में रखा गया है, जबकि पूल में कनाडा, नीदरलैंड, अमेरिका और जिम्बाब्वे शामिल हैं। इंग्लैंड, आयरलैंड, दक्षिण अफ्रीका और यूक्रेन को पूल बी और पूल सी में अर्जेंटीना, कोरिया, रूस और उरुग्वे मौजूद है। उल्लेखनीय है कि टूर्नामेंट मूल रूप से दिसंबर 2021 में खेला जाना था, लेकिन कोरोना के ओमिक्रॉन स्वरूप के प्रकोप के कारण इसे स्थगित करना पड़ा था। जापान, बेल्जियम और स्पेन ने इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया था, लेकिन अब तीनों देशों ने पुनर्निर्धारित शेड्यूल में हिस्सा न लेने का फैसला किया है और अब उनकी जगह मलेशिया, यूक्रेन और वेल्स ने ले ली है। इसी तरह ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और चीन भी पिछले साल कोरोना संबंधित कारणों के चलते पीछे हट गए थे और उनकी जगह अर्जेंटीना, आयरलैंड और कोरिया को शामिल किया गया था। इस बीच एफआईएच ने सभी टीमों का समर्थन करने के लिए प्रत्येक टीम में खिलाडिय़ों की संख्या 20 तक बढ़ाने का फैसला किया है, हालांकि किसी भी मैच की प्रारंभिक सूची में केवल 18 खिलाडिय़ों को ही अनुमति दी जाएगी। टूर्नामेंट पहले के शेड्यूल के मुकाबले अब एक दिन पहले शुरू और खत्म होगा, जिससे खिलाडिय़ों को अपने संबंधित क्लबों में वापस आने और घरेलू मुकाबलों के लिए उपलब्ध होने में मदद मिलेगी। एफआईएच के सीईओ थियरी वेइल ने एक बयान में कहा, एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप अंतरराष्ट्रीय खिलाडिय़ों के करियर में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## आज का राशिफल

***मेष:*** आज मित्र और परिवार के स्वजनों के साथ बाहर सुरुचिपूर्ण भोजन करने जाना होगा। अत: आप भोजन और प्रियजनों का साथ, दोनों का आनंद ले सकेंगे। फिर भी आप किसी भी प्रकार के आधिपत्य की भावना छोडऩी पड़ेगी।

***वृषभ*** : आज आपको बाह्य सौंदर्य आंतरिक सौंदर्य की अपेक्षा अधिक महत्त्वपूर्ण लगेगा । आप सौंदर्य की देखभाल और शारीरिक सौंदर्य को नवीनता प्रदान करने का प्रयास करेंगे।

***मिथुन*** : मन में उदासीनता के बादल छाए रहेंगे । इसका कारण शायद आपके निकट के स्वजनों की दूरी भी हो सकती है । गुस्से की मात्रा अधिक रहने के परिणामस्वरूप आप अनावश्यक दलील करने के लिए प्रेरित होंगे ।

***कर्क*** : आज आपको मित्रों या सगे-संबंधियों की ओर से आकस्मिक भेंट-उपहार और आनंददायक समाचार मिलेंगे। परिवार के सभी सदस्य मिलकर आनंद करेंगे । आपको कुटुंबीजनों का प्रेम और स्नेह प्राप्त होगा। दांपत्यजीवन में सुख और संवादिता बने रहेंगे।

***सिंह*** : घर-परिवार के बारे में अधिक विचार करेंगे। गृह-सजावट करने की योजना बनाएँगे। पुराने फर्नीचर की जगह नए फर्नीचर लाएंगे अथवा वर्तमान गृह-सजावट में कुछ परिवर्तन करेंगे । पारिवारिक सदस्यों और मित्रों के साथ आनंद में समय बिताएंगे ।

***कन्या***: आप अपनी रचनात्मक प्रतिभा बाहर लाने और उसका विकास करने की कोशिश में होंगे। किसी भी विषय को बौद्धिक रूप से विचार करने और उसका विश्लेषण करने की अपनी क्षमता में सुधार हुआ महसूस करेंगे ।

***तुला*** : नौकरी या व्यवसाय में पूरे दिन व्यस्त रहेंगे। व्यापारिक कामकाज या सौदे में आपकी धारणा अनुसार परिणाम मिलेगा । आपका जोश और गुस्सा बना रहेगा। विपरीत लिंगीय व्यक्ति के साथ का परिचय प्रणय में परिवर्तित होगा।

***वृश्चिक*** : आज का दिन मार्केटिंग क्षेत्र के लोगों के लिए सफलता का रहेगा। आप नए साहस शुरू करेंगेऔर लोग उसके लिए आपकी प्रशंसा करेंगे। आपको अपने कार्यों का फल मिलेगा।


***धनु*** : मन में भावनात्मक द्वंद्व अनुभव किए जाने की संभावना है। कभी आपको दुनिया का सुंदर पक्ष नजर आएगा तो कभी उसके खराब पक्ष का एहसास होगा। फिर भी आप इस विरोधाभासी और संघर्षमय परिस्थिति में से बाहर आ सकेंगे।

***मकर***: आपका आज का दिन शुभ रहेगा। आकस्मिक लाभ होने से आपको आश्चर्य हो सकता है। आपको थोड़े परिश्रम में भी बहुत अधिक यश प्रतिष्ठा मिल सकती है।

***कुंभ*** : बहुत लंबे समय से सोची हुई योजनाएं साकार होने की शुरुआत होने की संभावना देख रहे हैं। नौकरी में आप पदोन्नति की इच्छा रखेंगे और उसके लिए अच्छे कार्य करने की कोशिश करेंगे।

***मीन***: विपरीत लिंगीय व्यक्तियों की तरफ अपना ध्यान केंद्रित करेंगे। किसी के लिए आपके मन में कोमल भावनाएं भी उदित होंगी। पुराने संबंध नए मोड़ लेंगे अथवा नए संबंध बनेंगे, परंतु वह प्रक्रिया धीमी गति से आगे बढ़ेगी। आप किसी को भोजन के लिए आमंत्रण भी देंगे।

## सुजॉय घोष की मूवी से एक बार फिर बड़े परदे पर वापसी करेगी करीना



करीना कपूर खान बॉलीवुड को उन एक्ट्रेसेस में से हैं जो शादी और बच्चे होने के उपरांत भी मूवी इंडस्ट्री में सक्रीय हैं. उन्होंने अपने मूवी करियर में कई बेहतरीन और बड़ी मूवी की हैं. पहले बेटे तैमूर के जन्म के उपरांत भी करीना ने काम करना जारी रखा और जब उनका दूसरा बेटे जहांगीर ने जन्म लिया तब करीना ने कुछ समय के लिए ब्रेक भी लिया. अब फिर से करीना स्क्रीन पर वापसी करने के लिए तैयार हो चुकी है. रिपोर्ट्स का कहना है कि करीना कपूर खान मशहूर निर्देशक सुजॉय घोष की आने वाली मूवी प्रोजेक्ट का भाग हो सकती हैं. ये एक क्राइम मिस्ट्री मूवी होने वाली है . इस फिल्म के जरिए करीना लंबे वक़्त के उपरांत बड़े पर्दे पर वापसी करने वाली है. कहा जा रहा है कि इस मूवी को लेकर के वर्षों से प्लानिंग चल रही थी लेकिन अब सुजॉय इसे बनाने के लिए तैयार हैं. जिसमे करीना को उन्होंने लीड रोल के लिए पसंद किया है.

सुजॉय घोष नॉवेल 'डिवोशन ऑफ सस्पेक्ट एक्स' पर मूवी बनाने की योजना भी तैयार कर चुके है ख़बरों की माने तो ये मूवी पहले से प्लान हो रही है पहले इसके लिए करीना के पति सैफ अली खान के काम करने की बात चल रही थी लेकिन अब सुजॉय करीना को लेकर अब मूवी बनाने के लिए तैयार हो चुके है. इस मूवी की कहानी एक अकेली औरत के बारे में हैं जो एक मां भी है.

## महेश बाबू की सरकारू वारी पाटा का पहला गाना 14 फरवरी को होगा रिलीज



महेश बाबू की आने वाली व्यावसायिक थ्रिलर सरकारू वारी पाटा के निर्माताओं ने फिल्म से अपना पहला सिंगल रिलीज करने की घोषणा की है।

निर्माताओं द्वारा हाल ही में घोषणा की गई है, कि फिल्म का पहला सिंगल 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे पर रिलीज होगा।

सरकारू वारी पाटा का पहला सिंगल, कलावती वैलेंटाइन्स डे पर रिलीज किया जाएगा।

इस फिल्म में कीर्ति सुरेश ने पहली बार महेश के साथ काम कर रही है। फिल्म हाल के समय की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। गीता गोविंदम के निर्देशक परशुराम द्वारा अभिनीत, सरकारू वारी पाटा पूरी होने वाली है। फिल्म 12 मई को रिलीज होगी।

## ब्रेकफास्ट के लिए बनाएं- हेल्दी बर्गर



वीक डे में वर्किंग प्रोफेशनल्स के पास नाश्ता बनाने के लिए इतना वक्त नहीं होता और नाश्ते को दिन का सबसे जरूरी मिल कहा जाता है तो ऐसे में इस सेहतमंद बर्गर से चला सकते हैं काम।

**सामग्री :**

100 ग्राम टोफू कद्दूकस किया हुआ, 1/2 फूलगोभी बारीक कटा हुआ, 1 बड़ा आलू उबला व कद्दूकस किया हुआ, 1 कप फ्रेंच बींस बारीक कटी हुई, 1/2 कप गाजर बारीक कटा हुआ, 1/2 कप हरी मटर, 2 कलियां लहसुन बारीक कटे हुए, 1 इंच अदरक का टुकड़ा बारीक कटा हुआ, 3 हरी मिर्च बारीक कटा हुआ, 1 टीस्पून चाट मसाला, 1/2 टीस्पून अमूचर पाउडर, नमक स्वादानुसार, 2 टीस्पून तेल, 1 1/2 बेड क्रम्ब्स, 5 बर्गर बन्स

**विधि :**

बींस, फूलगोभी, मटर, गाजर को 10-15 मिनट तक उबलते पानी में डालकर पका लें। पानी से निकालकर अलग रख दें।

पैन में तेल गर्म करें। इसमें अदरक, लहसुन और हरी मिर्च डालकर भूनेंगे।

फिर उबली सब्जियां, टोफू, उबले आलू डालकर चलाएं।

इसके बाद इसमें अमचूर पाउडर, चाट मसाला और नमक डालकर मिलाएं। 1 मिनट भूनकर गैस बंद कर थोड़ा ठंडा होने देंगे।

साथ ही साथ इसमें ब्रेड क्रम्ब्स भी मिला देंगे। सब्जियों वाले मिश्रण से 5 बराबर-बराबर टिक्कियां बना लें और पैन में हल्का सा तेल डालते हुए पैटीज़ को सेंक लें।

बर्गर बन्स को दो हिस्सों में काटकर प्रीहिटेड अवन में 2 मिनट गर्म कर लें।

अब बन के निचले हिस्से पर पैटीज़, लैट्यूस लीफ, प्याज के गोल टुकड़े, टमाटर, शिमला मिर्च, मेयोनीज़, टमैटो सॉस डालें और रेडी आपका हेल्दी बर्गर।


## शब्द सामर्थ्य- 347

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 346 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | | फा | य | दा | | स |
| प | | ल | ला | ट | | य | ती | म |
| ति | ल | क | | क | न | क | | झ |
| | क्ष | | | | रे | | | |
| ग | ण | क | | सं | श | य | | सौ |
| ह | | या | च | क | | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | | र | क्ष | क | | न |
| | त्रि | | | | मि | | | |
| शा | य | री | | का | त | र | | गो |

## सू-दोकू- 347

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 346 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |